<u>प्रेस विज्ञप्ति-</u>

<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>मा\</u>

नई दिल्ली,6 अक्तूबर , 2023 : माननीय प्रधान मंत्री ने 5 अक्तूबर, 2023 को राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों व्यक्तियों की उपस्थिति में उदयपुर और जोधपुर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवनों के विकास की आधारशिला रखी। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, शानदार वास्तुकला और तेजी से बढ़ते पर्यटन उद्योग के साथ ये शहर इस महत्वपूर्ण कदम के साथ नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए तैयार हैं।

इस अवसर पर, प्रधान मंत्री ने सड़क, रेल, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया और इसे राष्ट्र को समर्पित किया।

उदयपुर का नया टर्मिनल भवन रुपये 480 करोड़ की लागत से 60,000 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित किया जाएगा , जोकि व्यस्ततम समय के दौरान 4000 यात्रियों और प्रति वर्ष 50 लाख यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। नया टर्मिनल यात्री सुविधाओं जैसे 60 चेक-इन काउंटर, 12 एक्स-बीआईएस मशीनें, 10 सेल्फ-चेक-इन कियोस्क, सात एयरोब्रिज, आगमन हॉल में सात कन्वेयर बेल्ट और 800 कारों के लिए बहुस्तरीय कार पार्किंग से सुसज्जित होगा ।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए माननीय प्रधान मंत्री ने कहा, "ये परियोजनाएं क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी, साथ ही राज्य में पर्यटन क्षेत्र को नई ऊर्जा भी देंगी।"

जोधपुर का नया टर्मिनल भवन 24,000 वर्गमीटर क्षेत्र में 887 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा जोकि व्यस्ततम समय के दौरान 2500 यात्रियों और प्रति वर्ष 35 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा। नया टर्मिनल यात्री सुविधाओं जैसे - 60 चेक-इन काउंटर, 12 एक्स-बीआईएस मशीनें, 10 सेल्फ-चेक-इन कियोस्क, सात एयरोब्रिज, आगमन हॉल में सात कन्वेयर बेल्ट और 800 कारों के लिए बहुस्तरीय कार पार्किंग से सुसज्जित होगा ।

नए टर्मिनल भवन के निर्माण के साथ, ये हवाई अड्डे अंतरदेशीय और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की बढ़ती मांग को समायोजित करने के लिए तैयार हैं, जो उन्हें विश्व स्तरीय हवाई अड्डे का अनुभव प्रदान करेंगे।

दोनों हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतें अपने डिजाइन में स्थानीय कला और संस्कृति को प्रदर्शित करती हैं। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन की संधारणीय सुविधाओं का उद्देश्य एक सामंजस्यपूर्ण और पर्यावरण के प्रति जागरूक टर्मिनल भवन में स्थानीय कला, संस्कृति और संधारणीयता डिजाइन का संयोजन करते हुए पांच सितारा गृहा रेटिंग प्राप्त करना है।

जोधपुर और उदयपुर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन राजस्थान में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करेंगे, अंतरदेशीय और अंतरराष्ट्रीय व्यवसायों को आकर्षित करेंगे, व्यापार, विनिर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देंगे। इससे राज्य के भीतर, पूरे भारत में और विश्व स्तर पर भी संपर्कता सुदृढ होगी साथ ही व्यापार, अवकाश और विवाह के उद्देश्यों के लिए पर्यटन और यात्रा की सुविधा मिलेगी जिससे क्षेत्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 19/2023-24

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा ने बेलगावी हवाई अड्डे पर उपकरण अवतरण प्रणाली (आईएलएस) आरंभ की

नई दिल्ली,6 अक्तूबर , 2023 : बेलगावी हवाई अड्डे पर बढ़ते यातायात को संभालने के लिए , भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने 5 अक्टूबर 2023 को रनवे (08/26) के लिए कैटगरी-I (कैट- I) उपकरण अवतरण प्रणाली (आईएलएस) को आरंभ किया है । इस सुविधा के प्रतिष्ठापन की कुल लागत रु . 12.38 करोड़ है। बेलगावी हवाई अड्डे के रनवे 26 एप्रोच पर आईएलएस की स्थापना से कम दृश्यता के साथ-साथ रात्रि में भी विमान उतर सकेंगे।

उपकरण अवतरण प्रणाली (आईएलएस) एक सटीक रेडियो दिक्चालन प्रणाली है जो विमानों को रात्रि में अथवा खराब मौसम में रनवे तक पहुंचने हेतु लिए कम दूरी का मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस नई सुविधा में 16-इलिमेंट लोकलाइज़र एंटीना प्रणाली है जो मौसम की सभी परिस्थितियों में बेलगावी हवाई अड्डे पर उतरने वाले सभी विमानों के सटीक एप्रोच में सहायक होगी। लैंडिंग एप्रोच के दौरान पायलटों को ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए उपकरण अवतरण प्रणाली दो रेडियो बीम का उपयोग करता है। लोकलाइज़र (एलओसी) दिगंश मार्गदर्शन प्रदान करता है, जबकि ग्लाइडपथ (जीपी) सही ऊर्ध्वाधर अवतरण प्रोफ़ाइल को परिभाषित करता है । यह प्रणाली विमान को जमीन से 200 फीट (61 मीटर) ऊपर तक जाने की अनुमति देती है और बेलगावी जैसे हवाई अड्डों पर पायलटों के लिए बहुत सहायक है ।

प्रतिष्ठापित आईएलएस का परीक्षण 31 जुलाई 2023 को मेसर्स इंडिगो एयरलाइंस द्वारा प्रचालित हैदराबाद जाने वाली ए320 उड़ान द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया गया ।

निगिमत संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 20/2023-24